**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 935**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)**

**कंपनियों के निदेशक मंडल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व**

**935. श्री लावू श्रीकृष्ण देवरायालू:**
**श्री सु. वेंकटेशनः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में 100 करोड़ रु. की प्रदत्त पूंजी या 300 करोड़ रुपये के कारोबार वाली सूचीबद्ध और असूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों की संख्या कितनी है;
(ख) उपरोक्त कंपनियों के बोर्ड में निदेशकों और उनमें से महिला निदेशकों की कंपनी-वार कुल संख्या कितनी है;
(ग) देश भर में और विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में कितनी कंपनियों पर उनके बोर्ड में एक महिला निदेशक की नियुक्ति का अनुपालन न करने के लिए दंडात्मक कार्रवाई की गई है और वर्ष-वार कितना दंड लगाया और एकत्र किया गया है;
(घ) क्या सरकार ने देश भर के कारपोरेट बोर्डों में लैंगिक विविधता पर इस अधिदेश के प्रभाव की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या कंपनियों के भीतर लैंगिक विविधता संबंधी पहल को मजबूत करने की कोई और योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**
**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

**(क):** 15.11.2024 की स्थिति को 1,708 सूचीबद्ध कंपनियां और 3,383 गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियां हैं, जिनकी चुकता पूंजी 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक है या 300 करोड़ रुपये और उससे अधिक का टर्नओवर है।

**(ख):** कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, निजी कंपनियों के बोर्ड में कम से कम 2 निदेशक होने की अपेक्षित हैं और सार्वजनिक कंपनियों के बोर्ड में न्यूनतम 3 निदेशक होने अपेक्षित हैं। इस प्रकार उपर्युक्त कंपनियों में कुल 34,121 निदेशक हैं जिनमें से 6,639 महिलाएं हैं। इन कंपनियों की सूची लिंक पर देखी जा सकती है।
**https://www.mca.gov.in/bin/dms/getdocument?mds=TBcEyK2hZgZSiV1%252BDwMYTw%253D%253D&type=open** **and**
**https://www.mca.gov.in/bin/dms/getdocument?mds=%252BD%252BoVGGX%252FaE2wYigRPBI%252BQ%253D%253D&type=open**

**(ग):** अधिनियम की धारा 149 की उपधारा (1) के दूसरे परंतुक के अनुसार, कंपनियों के एक निर्धारित वर्ग में कम से कम एक महिला निदेशक होगी। कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं अर्हता) नियम, 2014 के नियम तीन के तहत प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी और 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक की चुकता शेयर पूंजी या 300 करोड़ रुपये या उससे अधिक के टर्नओवर वाली प्रत्येक अन्य सार्वजनिक कंपनी को अपने बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक नियुक्त करना आवश्यक है। यदि कोई कंपनी अधिनियम के इस प्रावधान का अनुपालन करने में चूक करती है तो कंपनी और कंपनी का प्रत्येक अधिकारी जो चूककर्ता है, अधिनियम की धारा 172 के अंतर्गत उपबंधित शास्ति के लिए उत्तरदायी होगा।

28.9.2020 को कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2020 तक, अधिनियम की धारा 172 एक आपराधिक अपराध था। अधिसूचना के बाद अधिनियम की धारा 149 का उल्लंघन, न्यायनिर्णयन के अध्यधीन है। न्यायनिर्णयन शास्ति का भुगतान न करने की स्थिति में, अधिनियम की धारा 454 के तहत कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा अभियोजन फ़ाइल किया जाता है। पिछले 3 वर्षों के लिए लगाई गई और एकत्र की गई शास्ति का वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक I के अनुसार संलग्न है और फ़ाइल किए गए अभियोजनों की सूची अनुलग्नक II के अनुसार है। आन्ध्र प्रदेश राज्य में पंजीकृत किसी भी कंपनी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

**(घ) और (ङ):** जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, कंपनी अधिनियम, 1956 में कंपनियों के निर्धारित वर्ग के लिए कम से कम एक महिला निदेशक होना अनिवार्य बनाने वाले कोई प्रावधान नहीं थे। अधिनियम में उपर्युक्त प्रावधानों को कंपनियों के चिन्हित वर्ग में प्रबंधन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतस्थापित किया गया है। इस समय उपर्युक्त प्रावधानों में और संशोधन करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****

अनुलग्नक - I

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के उल्लंघन के लिए लगाए गए और एकत्र की गई शास्ति के वर्षवार विवरण की सूची।

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | कंपनियों के नाम | सीआईएन | लगाई गई शास्ति | एकत्र की गई शास्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क लिमिटेड | U64200MH2005PLC158355 | 6,10,500 | 6,10,500 |
| 2 | 2021-22 | ग्रेट वेस्टर्न इंडस्ट्रीज लिमिटेड | U93090TN1997PLC037593 | 1,59,000 | 1,59,000 |
| 3 | 2022-23 | यूजीएल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड | U74999MH2013PTC246084 | 2,70,000 | 2,70,000 |
| 4 | 2022-23 | जुहू बीच रिसॉर्ट्स लिमिटेड | U55200MH1974PLC017128 | 2,50,000 | 2,50,000 |
| 5 | 2022-23 | सिक्योरक्लाउड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड | L72300TN1993PLC101852 | 2,50,000 | 2,50,000 |
| 6 | 2022-23 | प्रीमियर एनर्जी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड | L45201TN1988PLC015521 | 1,50,000 | 1,50,000 |
| 7 | 2022-23 | जेम्मिया ऑयलटेक (इंडिया) लिमिटेड | L74999TN1993PLC026312 | 1,00,000 | 1,00,000 |
| 8 | 2022-23 | सफायर मीडिया एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड | L93090TN1997PLC039630 | 2,00,000 | 2,00,000 |
| 9 | 2022-23 | सरश इंडस्ट्रीज लिमिटेड | L51909TN1995PLC030554 | 2,00,000 | 2,00,000 |
| 10 | 2022-23 | ईसुन रेरोल लिमिटेड | L31900TN1974PLC006695 | 50,000 | 50,000 |
| 11 | 2022-23 | उषा मारिन लिमिटेड | U05004AP1983PTC004254 | 7,50,000 | 7,50,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 2023-24 | जेएम फाइनेंशियल प्रॉपर्टीज एंड होल्डिंग्स लिमिटेड | U65990MH2010PLC201513 | 4,85,500 | 4,85,500 |
| 13 | 2023-24 | एमएसआरडीसी सी लिंक लिमिटेड | U45200MH2018SGC315536 | 1,85,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 14 | 2023-24 | कृष्णा सॉल्वेकेम लिमिटेड | U51102MH2006PLC160204 | 4,85,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 15 | 2023-24 | शंकर पैकेजिंग लिमिटेड | U25202MH1985PLC036120 | 4,85,000 | 4,85,000 |
| 16 | 2023-24 | सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड | U45202PN2003PLC018435 | 5,20,500 | 5,20,500 |
| 17 | 2023-24 | इन्फो-ड्राइव सॉफ्टवेयर लिमिटेड | L36999TN1988PLC015475 | 1,00,000 | 1,00,000 |
| 18 | 2023-24 | पेंटागन ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड | U73100TN1995PLC030734 | 4,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 19 | 2023-24 | हेलिओस एंड मैथेसन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड | L72291TN1991PLC020443 | 2,00,000 | 2,00,000 |
| 20 | 2023-24 | डोलारियल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड | U65191TN1993PLC026395 | 1,00,000 | 1,00,000 |
| 21 | 2023-24 | रॉक हार्ड पेट्रो केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड | L24111MP1974PLC001297 | 8,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 22 | 2023-24 | ड्जॉन लैब्स लिमिटेड | L24232MP1992FLC007258 | 6,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 23 | 2023-24 | माया स्पिनर्स लिमिटेड | L17124MP1984PLC002612 | 6,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 24 | 2023-24 | संघवी एस्बेस्टस सीमेंट्स लिमिटेड | L26942MP1984PLC002520 | 5,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 25 | 2023-24 | वी इंटरनेट लिमिटेड | L70100MP1980P1C001643 | 6,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 2023-24 | जीएफआई फाइनेंशियल्स इंडिया लिमिटेड | L67120MP1992PLC007196 | 4,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 27 | 2023-24 | सी.टी. कॉटन यार्न लिमिटेड | L17111MP1993PLC007834 | 6,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 28 | 2023-24 | ई-मेटल्स इंडिया लिमिटेड | L67120MP1993PLC007899 | 5,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 29 | 2023-24 | एम.पी. टेलीलिंक्स लिमिटेड | L31200MP1994PLC008359 | 6,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 30 | 2023-24 | एंडो लैब्स लिमिटेड | L24232MP1994PLC008476 | 8,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |
| 31 | 2023-24 | ग्लोबल फिल्म्स एंड ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड | L09233MP1995PLC009505 | 5,00,000 | शास्ति नहीं चुकाई गई |

*******

अनुलग्नक - II

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के उल्लंघन के लिए फाइल अभियोजन की वर्ष-वार सूची।

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | कंपनियों के नाम | सीआईएन |
|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | एक्लेम इंडस्ट्रीज लिमिटेड | L74950MH1991PLC068270 |
| 2 | 2021-22 | सूर्योदय एलो-मेटल पाउडर लिमिटेड | U27203PN1993PLC074773 |
| 3 | 2023-24 | सत्कार इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड | L32300MH1987PLC045274 |
| 4 | 2023-24 | घोरावत कंज्यूमर लिमिटेड | U15100PN2002PLC017370 |
| 5 | 2023-24 | मर्मगोआ स्टील लिमिटेड | L27106GA1987PLC000764 |
| 6 | 2023-24 | रॉक हार्ड पेट्रो केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड | L24111MP1974PLC001297 |
| 7 | 2023-24 | डुजॉन लेबोरेटरी लिमिटेड | L24232MP1992FLC007258 |
| 8 | 2023-24 | माया स्पिनर्स लिमिटेड | L17124MP1984PLC002612 |
| 9 | 2023-24 | संघवी एस्बेस्टस सीमेंट्स लिमिटेड | L26942MP1984PLC002520 |
| 10 | 2023-24 | वी इंटरनेट लिमिटेड | L70100MP1980P1C001643 |
| 11 | 2023-24 | जीएफआई फाइनेंशियल्स इंडिया लिमिटेड | L67120MP1992PLC007196 |
| 12 | 2023-24 | सी.टी. कॉटन यार्न लिमिटेड | L17111MP1993PLC007834 |
| 13 | 2023-24 | ई-मेटल्स इंडिया लिमिटेड | L67120MP1993PLC007899 |
| 14 | 2023-24 | एम.पी. टेलीलिंक्स लिमिटेड | L31200MP1994PLC008359 |
| 15 | 2023-24 | एंडो लैब्स लिमिटेड | L24232MP1994PLC008476 |
| 16 | 2023-24 | ग्लोबल फिल्म्स एंड ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड | L09233MP1995PLC009505 |

******